# <u>सामुदायिक शौचालय के ऑपरेशन मेन्टेनेन्श की व्यवस्था</u>

जनपद में 590 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 588 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय निर्माण किया गया, 02 ग्राम पंचायते क्रमशः बहलोलपुर एवं सम्भरपुर में भूमि की उपलब्धता न होने के कारण सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य सम्भव नही है। निर्मित सामुदायिक शौचालय के संचालन हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत में कार्यरत स्वंय सहायता समूह का नियमानुसार चयन कर देख रेख की जिम्मेदारी दी गयी है। जिसकी नियमित समीक्षा विकास खण्ड स्तर एवं जनपद स्तर से की जा रही है। समूह द्वारा केयर टेकर का चयन किया गया है जिन्हे ग्राम पंचायत के वित्त आयोग से मानदेय के रूप में निर्धारित धनराशि रू0 6000/— प्रतिमाह समूह के माध्यम से केयर टेकर को उपलब्ध करायी जा रही है। सामुदायिक शौचालय में स्वच्छता कीट की उपलब्धता एवं टूट फूट आदि के भरण हेतु समूह को 3000 की धनराशि भी दी जा रही है। सामुदायिक शौचालय में यह भी प्रयास किया जा रहा है कि शौचालय प्रयोग करने वाले व्यक्तियों से न्यूनतम धनराशि का शुल्क पंचायत द्वारा निर्धारित किया जाये एवं सक्षम परिवारों से दान पेटी मे धनराशि संरक्षित की जाये।